हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

Prof. Deepak Kumar
Chief Proctor

Mobile No. 8650050639
Email. proctoroffice2019@gmail.com

दिनांक: 09/09/2026

# आवश्यक सूचना

समस्त बी.ए. एवं बी.एससी. के छात्र-छात्राओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिन छात्र-छात्राओं ने दिनांक 08 सितम्बर 2026 तक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क का विधिवत भुगतान कर दिया है तथा अपना पूर्ण एवं सही रूप से भरा हुआ नियंता फॉर्म, जिस पर संबंधित विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष के विधिवत हस्ताक्षर अंकित हैं, नियन्ता कार्यालय में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जमा कर दिया है, वे दिनांक 10 सितम्बर 2026 को अपराह्न 12:00 बजे तक मुख्य नियन्ता कार्यालय से अपना विश्वविद्यालय पहचान-पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें। इसी प्रकार, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, यथा–फार्मास्यूटिकल्स, रिमोट सेंसिंग एवं जी.आई.एस. प्रयोग, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी स्कूल, बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एम.पी.एड., बी.एससी. वानिकी, बी.एससी. उद्यानिकी, बी.फार्म., वाणिज्य संकाय आदि में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं तथा पी-एच.डी., एम.ए. एवं एम.एससी. के समस्त छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि वे अपना विश्वविद्यालय पहचान-पत्र अपने-अपने संबंधित विभाग/संकाय से निर्धारित प्रक्रिया एवं समय-सीमा के अंतर्गत अनिवार्य रूप से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**नोट:** समस्त छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वैध पहचान-पत्र के बिना किसी भी छात्र-छात्रा को चुनाव में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही, यदि किसी छात्र-छात्रा का पहचान-पत्र निर्धारित समय-सीमा तक निर्गत/प्राप्त नहीं हो पाता है, तो वह भी मतदान के लिए पात्र नहीं होगा।

**अतः समस्त छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना पहचान-पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लें तथा चुनाव के समय उसे अपने साथ लाना एवं आवश्यकतानुसार प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।**

आज्ञा से

09/09/26

मुख्य नियन्ता